# एम.ए. में पत्रकारिता और जनसंचार

## (एम.ए.जे.एम.सी. - द्वितीय वर्ष)

## असाइनमेंट

## जनवरी 2025 और जुलाई 2025 चक्र

**एमजेएम-026/126**

**एमजेएम-027**

**एमजेएम-028**

**एमजेएम-029**

**एमजेएम-030/130**

**एमजेएम-031**

**पत्रकारिता एवं नवीन मीडिया अध्ययन विद्यालय**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**

**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068**

# एम.ए.जे.एम.सी. – असाइनमेंट

**प्रिय शिक्षार्थी,**

जैसा कि प्रोग्राम गाइड में बताया गया है, आपको सभी पाठ्यक्रमों में से प्रत्येक में एक असाइनमेंट जमा करना होगा। असाइनमेंट बनाने से पहले, कृपया प्रोग्राम गाइड में दिए गए विस्तृत निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

प्रत्येक असाइनमेंट के सामने जमा करने की **अंतिम तिथि** दी गई है। कृपया ध्यान दें कि आपको सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए निर्धारित समय के भीतर अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को ये उरोक्त सभी असाइनमेंट जमा करने होंगे।

आपको असाइनमेंट के पहले पृष्ठ पर अपना **नामांकन नंबर, नाम, पता, असाइनमेंट कोड और अध्ययन केंद्र कोड** का उल्लेख करना होगा। आपको जमा किए गए असाइनमेंट के लिए अध्ययन केंद्र से **रसीद प्राप्त** करनी होगी और उसे संभाल कर रखना होगा। असाइनमेंट की एक फोटोकॉपी प्रमाण के तौर पर अपने पास रखना अनिवार्य होगा।

मूल्यांकन के बाद, असाइनमेंट आपको अध्ययन केंद्र द्वारा वापस करने का प्रावधान हैं। कृपया इस पर जोर दें और अपने पास रिकॉर्ड रखें। आपके द्वारा प्राप्त किए गए अंक केंद्र द्वारा इग्नू, नई दिल्ली में एस.ई.डी. (SED) को भेजे जाएंगे।

**असाइनमेंट करने के लिए दिशा-निर्देश**

प्रत्येक असाइनमेंट में दिए गए सभी प्रश्नों को निर्देशानुसार हल करें। असाइनमेंट बनाते समय आपको निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना होगा:

**योजना:** सबसे पहले अध्ययन सामग्री को ध्यान से पढ़ें। कार्यक्रम के लिए आयोजित टेलीकांफ्रेंसिंग सत्र और इंटरैक्टिव रेडियो परामर्श सत्रों में भाग लें। यदि आवश्यक हो तो आप अध्ययन केंद्र/क्षेत्रीय केंद्र से विवरण भी प्राप्त कर सकते हैं और फिर असाइनमेंट को ध्यान से पढ़ें। जिन इकाइयों पर वे आधारित हैं, उन्हें देखें। प्रत्येक प्रश्न के बारे में कुछ बिंदु बनाएं और फिर उन्हें तार्किक क्रम में पुनर्व्यवस्थित करें।

**संगठन:** अपने उत्तर की एक रूपरेखा बनाएँ। अपने उत्तर के लिए जानकारी के चयन में विश्लेषणात्मक रहें। परिचय और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। सुनिश्चित करें कि असाइनमेंट के:

- तार्किक और सुसंगत हो;
- वाक्यों और पैराग्राफ में जानकारी का उचित प्रवाह हो; और
- आपकी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति पर पर्याप्त विचार करते हुए सही ढंग से लिखा गया हो।

प्रस्तुति: एक बार जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाते हैं, तो आप प्रत्येक उत्तर को साफ-सुथरा लिखते हुए, जमा करने के लिए अंतिम संस्करण लिख सकते हैं।

शुभकामनाओं के साथ,

डॉ. अमित कुमार

कार्यक्रम समन्वयक

ईमेल: amitkumar@ignou.ac.in

**एमजेएम-028: डिजिटल मीडिया**

**अंतिम तिथि - सत्रांत जून के लिए 31 मार्च और सत्रांत दिसंबर के लिए 30 सितंबर (अंतिम तिथि: कृपया अंतिम तिथि पर नवीनतम अपडेट के लिए वेबसाइट देखें)**

असाइनमेंट कोड: एमजेएम-028 जनवरी 2025/ जुलाई 2025 चक्र

अधिकतम अंक: 100

वेटेज: 30%

---

***नोट:*** *(i) सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक एक समान हैं = प्रत्येक 20*
*(ii) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए|*

---

1. निम्नलिखित शब्दों की व्याख्या कीजिए: (150 शब्द प्रत्येक) (4x5 = 20)
   (क) डिजिटल डिवाइड
   (ख) हैक्टिविज्म
   (ग) सक्रिय और निष्क्रिय दर्शक
   (घ) सामूहिक व्यक्तिगत संचार
2. सोशल मीडिया समुदायों और देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को कैसे सक्षम बनाता है? उदाहरणों के साथ समझाएँ।
3. अपने क्षेत्र से एक वैकल्पिक मीडिया प्लेटफ़ॉर्म की पहचान करें और उसकी विशेषताओं का विश्लेषण करें। इसकी विषय-वस्तु शैली, लक्षित दर्शक, प्रभाव और यह मुख्यधारा के मीडिया से किस प्रकार भिन्न है, इस पर चर्चा कीजिए ।
4. सोशल मीडिया के दर्शक पारंपरिक मीडिया के दर्शकों की तुलना में विषय-वस्तु से किस प्रकार भिन्न रूप से जुड़ते हैं?
5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें: (प्रत्येक 300 शब्द) (2x10 = 20)
   (क) ऑनलाइन निषेध प्रभाव
   (ख) नेट न्यूट्रैलिटी
   (ग) आईसीटी और स्वास्थ्य संचार
   (घ) इंटरनेट की भाषा